# BJS ई-बुलेटीन 2020

**Edition 2, 6th April 2020**

JAINS FOR INDIA

BJS
Bharatiya Jain Sanghatana


प्रिय साथियों,



आपको विदित ही है कि भारतीय जैन संघटना गत 2 दशकों से भी अधिक समय से राष्ट्रीय विपदाओं में उसकी विशिष्ट शैली में कार्य करता आ रहा है और आपदा पीड़ितों के साथ खड़ा होता रहा है. आज देश ही नहीं सम्पूर्ण विश्व कोरोना महा प्रलय से पीड़ित है. 50,000 से अधिक लोगो की जाने गई है और यह सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है.

ऐसी संकट की घड़ी में देशवासियों की सहायतार्थ भारतीय जैन संघटना ने सहायता एवं राहत कार्यों हेतु कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए व उन पर कार्यरत है :

1. BJS के वाघोली, पुणे स्थित शैक्षणिक पुनर्वसन केंद्र को जिसकी क्षमता 200 कमरों की है, Quarantine Center बनाने हेतु महाराष्ट्र सरकार को सुपुर्द करने का निर्णय लिया व सरकार के समक्ष इस हेतु प्रस्ताव भी रखा है.
2. मानवीय सेवाओं में करुणा से ओतप्रोत Blood donation अविरत रूप से चलने वाला कार्यक्रम है जो लॉक डाउन की स्थिति के कारण अस्थाई रूप से सम्पूर्ण देश में बंद सा है . निकट भविष्य में इन परिस्थितियों के चलते मानव रक्त की भीषण कमी होने की संभावना है. ऐसी स्थिति में अनेक रुग्ण मानवो को जीवन मृत्यु के संकट का सामना करने पर विवश होना पड़ सकता है. BJS ने सरकार की अनुमति से Blood Donation का विशेष अभियान प्रारम्भ किया है जिसे महाराष्ट्र के अतिरिक्त अनेक राज्यों में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है.




3. लॉक डाउन के चलते देश के अधिकांश अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी है क्योंकि वे emergency duty पर हैं और अनेक अस्पतालों में OPD लगभग बंद है व सामान्य रोगी को अस्पतालों में पहुंचना भी मुश्किल हो रहा है. सामान्य रोगियों को Medical Aid की सुविधाएं Mobile Van के माध्यम से उनके ही दरवाजे पर म्युनिसिपल प्रशासन के सहयोग से पुणे व अन्य शहरों में BJS द्वारा प्रारम्भ की गई है.

हमारा प्रयास रहेगा कि विविध सामाजिक संस्थाओ और NGO के साथ मिलकर इस अभियान को अधिक गति दे.

BJS के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं तथा Civil Societies व NGOs से प्रार्थना करता हूँ कि मानवीय सेवाओं के इस महायज्ञ में उनकी क्षमताओं के अनुरूप इस अभियान से जुड़ें.

**शांतीलाल मुथ्था**
संस्थापक,
भारतीय जैन संघटना


BJS
Bharatiya Jain Sanghatana
FAMILY SUMMIT

on Facebook LIVE every day
LIVE @ 4:00 - 5:00pm
1st April to 15th April 2020

April 6 Monday
आज दिनांक 6 अप्रेल, 2020 4 से 5 सांय
श्री अमिता जैन,उज्जैन - विषय : Art Of Better Parenting
Fb Link : bit.ly/BJSPune

Scan to Join

# BJS Mission: Blood Donation Camps in Maharashtra


स्मार्ट विदर्भ

# रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

## ६१ बॉटल रक्त किया संकलित

प्रतिनिधि/ ३१ मार्च
अमरावती. कोरोना से हुई वैश्विक महामारी के समय प्रधानमंत्री के निवेदन पर भारतीय ... शांतीलाल मुथा ने २००० थैलिया रक्त संकलित करने का जिम्मा संघटन के कार्यकर्ताओं को सौंपा. इसी श्रृंखला स्थानिय ... को सुबह ८ से ११.३० बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था. जिसकी पूर्व तैयारी में ७० ... सहायक के रूप में शिविर को सफल बनाने में संयोग किया. कुल ६१ थैलियां रक्त संकलित किया ...







Ambejogai, Beed





Igatpuri, Nashik

# BJS Mobile Dispensary in Maharashta


















# Smart and Empowered Girls



श्री संजय सिंघी, रायपुर BJS के मंत्री और BJS के Smart Girl अभियान के राष्ट्रीय संयोजक हैं.

आपने फेसबुक लाइव पेज पर निर्भया काण्ड का जिक्र करते हुए कहा कि नए कानून बनाये गए, किन्तु अब भी सब कुछ ठीक नही हुआ है. बेटियों के समक्ष आज पहले से अधिक चुनौतियाँ हैं. निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर श्री सिंघी ने बेटियों और उनके अभिभावकों का आह्वाहन किया :

1. बेटियों को सामाजिक व अन्य चुनौतियों को समझने व उनसे निपटने हेतु सक्षम बनाने की जरूरत
2. विकृत माहौल में खुश व सुरक्षित रहने हेतु उन्हें सुरक्षा कवच आवश्यक
3. गत 25-30 वर्षों में वैचारिक, सामाजिक व अन्य परिवर्तनों के कारण हमें बदलने की उतनी आवश्यकता महसूस नहीं हुई जितनी पिछले 5-7 वर्षों में हुई है. समाज में परिवर्तन की गति द्रुत हुई है
4. आज की पीढ़ी बुद्धिमान होने के साथ भावुक भी है किन्तु बेटियाँ कांच के बर्तन के समान होती हैं
5. बेटियों को ज्यादा चुनोतियों का सामना स्वयं परिवार के भीतर करना पड़ता है
6. हम बेटियों से किस तरह deal कर रहे हैं, मानसिक और भावनात्मक रूप से उनके कितने नज़दीक हैं?
7. क्या Quality time परिवार में साझा होता है?
8. बेटी को विश्वास में लेने की आवश्यकता है, उस पर झुंझलाये नहीं, बल्कि उसके मित्र बने, bonding बढ़ाएं
9. विकृत माहौल में कितनी नज़रे उसे गलत रूप से देखती है, physical abuse से उसे बचने हेतु सुरक्षा व परिवारजन का साथ चाहिए. उसकी समस्याओं को शंका से न देखें
10. बेटियों को स्वयं को समझना होगा, स्वयं की strength और weakness दोनो को पहचानना होगा
11. प्रत्येक बेटी स्वयं में unique होती है, वह स्वयं को दूसरों से compare करने की गलती न करे
12. अभिभावक गलती से भी उसे दूसरों से compare न करे. उसका आत्मविश्वास बढ़ाएं, उसकी गलतियों को उसके मित्रों के सामने highlight न करे. उसके मित्र बने जिससे उसके गलत राह पर जाने की संभावना क्षीण होगी
13. बेटी के मित्रों को समझने का प्रयास करें. मित्र circle उनके जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है. सभी तरह की मर्यादाओं का जिक्र बेटी से खुलकर करें
14. आजकी युवा पीढ़ी depression का शिकार जल्दी होती है, उसके साथ अभिभावकों को better chemistry विकसित करने की आवश्यकता है
15. Friend circle में peer प्रेशर से बचने की कला बेटियों के लिए सीखना आवश्यक
16. Technology का सही प्रयोग करें. उसके अच्छे और बुरे दोनों ही प्रभाव हैं. Technology के trap में आने से बेटियाँ बचें
17. पारदर्शक जीवन जीना सीखें. जीवन में सही और गलत क्या है, इसका निर्णय करने की क्षमता विकसित करें. वह सब गलत है जिसे घर परिवार में शेयर न कर सकें
18. अभिभावकों का technology से used to होना अब बच्चों से bonding बढ़ाने व उनके मित्र बनने के लिए जरूरी
19. Marriage related issues पर उन्हें डराएं नहीं, घर का enviornment एसा रखें कि बातचीत का दरवाजा खुला रहे
20. बेटियों के thoughts बहुत ही clear हैं, confusion यदि कहीं है तो वह parents के level पर अधिक है

**BJS गत 12 वर्षों से Smart Girl कार्यक्रम पूरे देश में चला रहा है. आपके नगर/ शहर में कक्षा 9 व ऊपर की बेटियों को सक्षम बनाना हम सभी का सामाजिक उत्तरदायित्व है. Smart Girl कार्यशालाओं का आयोजन आपके नगर में करने हेतु BJS से संपर्क करें.**

To view full session : **bit.ly/BJSPune**